


## प्रैक्टिस सेशन के दौरान विराट कोहली की उंगली में लगी गेंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुवाहाटी। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर यहां प्रैक्टिस के दौरान टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली की उंगली में गेंद लग गई। प्रैक्टिस सेशन के दौरान कैच लेते हुए भारतीय कप्तान विराट कोहली के बाएं हाथ की छोटी उंगली में गेंद लगी। यह घटना भारत के अभ्यास सत्र के पहले हिस्से में हुई। भारतीय टीम के फिजियो नितिन पटेल तुरंत कोहली का उपचार करने लगे और उन्हें 'मैजिक स्प्रे' लगाते हुए देखा गया। स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अभ्यास सत्र में मौजूद नहीं थे जो गुरुवार को यहां पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी थे। दोनों टीमें 22 महीनों के बाद एक दूसरे खिलाफ अपना पहला टी20 मैच खेल रही हैं। भारत ने वेस्ट इंडीज को पिछली टी20 सीरीज में 2–1 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने उसे 3–0 से हराया था। साल 2014 के वर्ल्ड टी20 में भारत को श्रीलंका ने मात दी थी। श्रीलंका के लिए इस समय हर सीरीज कड़ी परीक्षा है। कप्तान लसिथ मलिंगा के नेतृत्व में भारत आई श्रीलंका ने टीम में अनुभवी खिलाड़ी एंजेलो मैथ्यूज को वापस बुलाया है। उसके पास निरोशन डिकवेला, कुशल मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा जैसे कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं।

# स्विंग के किंग इरफान पठान ने लिया क्रिकेट से संन्यास

## मैं उस खेल को ऑफिशली छोड़ रहा हूं, जो मुझे सबसे अधिक प्यारा है

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर में स्विंग के किंग कहे जाने वाले इरफान पठान ने शनिवार को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए कहा कि आज मैं सभी तरह की क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। यह मेरे लिए भावुक पल है, लेकिन यह ऐसा पल है जो हर खिलाड़ी की जिंदगी में आता है। छोटी जगह से हूं और मुझे सचिन तेंडुलकर और सौरभ गांगुली जैसे महान खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला, जिसकी हर किसी को तमन्ना होती है। इस दौरान उन्होंने अपने सभी टीम के सदस्यों, कोचों, सपॉर्ट स्टाफ और फैन्स का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, मैं उन सभी साथियों, कोचों और स्पॉर्ट स्टाफ का शुक्रिया करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे हमेशा सपॉर्ट किया। मैं उस खेल को ऑफिशली छोड़ रहा हूं, जो मुझे सबसे अधिक प्यारा है। अपने रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए इरफान भावुक हो गए। इरफान बोले ने आगे कहा, जिंदगी का सबसे खास लम्हा जब भारतीय टीम की कैप मिली, मैं क्या कोई भी क्रिकेटर उस लम्हे को नहीं भूल सकता, जब वह अपने देश का प्रतिनिधित्व करता है।



**लंबे समय से इंटरनैशनल क्रिकेट से बाहर थे:** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में हैटट्रिक लेने वाला यह खिलाड़ी एक वक्त दिग्गज बल्लेबाजों के लिए खौफ हुआ करता था। गेंद को दोनों तरफ स्विंग करना इरफान का सबसे बड़ा हथियार रहा। 2011–12 के दौरान वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और टीम इंडिया से बाहर हो गए। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनैशनल क्रिकेट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 अक्टूबर, 2012 को खेला था, जो टी–20 था। इसके बाद वह इंटरनैशनल क्रिकेट में वापसी नहीं कर पाए।

**जम्मू-कश्मीर के लिए खेला पिछला डोमेस्टिक सीजन:** पठान ने पिछला रणजी ट्रॉफी सीजन जम्मू–कश्मीर के लिए खेला। वह इस टीम के कोच भी थे। उनका आखिरी डोमेस्टिक मैच (सैयद मुश्ताक अली टी–20 ट्रॉफी) केरल के खिलाफ रहा, जो उन्होंने 27 फरवरी 2019 को मलापुड़ में खेला था। इस मैच में उन्होंने 10 रन बनाए थे और दो विकेट झटके थे। इरफान पठान के करियर की बात करें तो उन्होंने भारत के लिए टेस्ट 29 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 31.57 की औसत से 1105 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं।

# सीएए पर विराट, बिना पूरी जानकारी लिए गैर-जिम्मेदारी से कुछ नहीं कहूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुवाहाटी। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर किसी तरह की टिप्पणी करने से खुद को दूर रखा। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर बिना पूरी तरह जानकारी लिए कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 5 जनवरी से 3 मैचों की टी20 सीरीज का आगाज गुवाहाटी से ही करेगी। सीएए को लेकर गुवाहाटी में काफी विरोध प्रदर्शन हुए थे।

विराट ने पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, इस मामले पर (सीएए) में किसी भी तरह गैर–जिम्मेदार होकर कुछ नहीं कहना चाहता, जिसे लेकर



अलग–अलग विचार हैं। मुझे पूरी जानकारी लेने की जरूरत है, इसके क्या मायने हैं, यह जानना जरूरी है। इसके बाद जिम्मेदारी से अपने विचार रखूंगा।

बता दें कि तीन पड़ोसी देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत में शरण चाहने वाले हिंदू, सिख, इसाई, पारसी, बौद्ध और जैन समुदाय के लोगों को नागरिकता देने के लिए सीएए–2019 बनाया गया है। साल 2016 में विराट कोहली ने नोटबंदी (500 और 1000 के नोट बंद) को श्भारतीय राजनीति में सबसे बड़ा कदमश बताया था। इसके बाद कई लोगों ने उनके इस बयान को लेकर कड़ी आलोचना की थी। सीएए को लेकर विराट ने साफ किया कि वह बिना पूरी तरह जानकारी लिए इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से बचेंगे ताकि किसी तरह का विवाद खड़ा नहीं हो। उन्होंने कहा, श्जब आप कुछ कहते हैं, तो फिर दूसरा कोई कुछ और कहता है। इसलिए, मैं मैं किसी भी तरह ऐसे मुद्दे में फंसना नहीं चाहूंगा जिसके बारे में मुझे पूरी जानकारी नहीं है।

कोहली हालांकि इस शहर में सुरक्षा इंतजामों को लेकर खुश नजर आए और उन्होंने कहा कि गुवाहाटी पूरी तरह सुरक्षित है।

## राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिये सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। सरकार ने मार्च 2022 में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चौंपियनशिप और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के प्रस्ताव को शनिवार को 'सैद्धांतिक' तौर पर मंजूरी दे दी। ये दोनों ही खेल बर्मिंघम में 2022 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं हैं। इस सप्ताह के शुरू में आईओए ने निशानेबाजी को हटाये जाने के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार की धमकी वापस ले ली थी और उसने निशानेबाजी चौंपियनशिप की मेजबानी का औपचारिक प्रस्ताव भेजने का फैसला किया जिसमें जीते गये पदक राष्ट्रमंडल खेल 2022 की पदक तालिका में जोड़े जाएं। मंत्रालय ने पत्र में लिखा है, "मुझे भारतीय ओलंपिक संघ के मार्च 2022 में भारत में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में एक जनवरी 2020 को भेजे गये पत्र के संदर्भ में सरकार के 'सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी' देने के बारे में बताने का निर्देश दिया गया है।'' आईओए ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के अध्यक्ष डोम लुईस मार्टिन को पत्र लिखकर निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगितों की मेजबानी की लागत के बारे में बताया था।

## न्यूज डायरी



### कैंप ट्रेनिंग का स्तर बढ़ाने पर करेंगे फोकसः कोच शोर्ड मारिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन इस महीने के अंत में होने वाले न्यू जीलैंड के आगामी दौरे की तैयारियों के लिए आयोजित 17 दिवसीय शिविर के दौरान ट्रेनिंग का स्तर बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हॉकी इंडिया ने शिविर के लिए 25 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय महिला टीम के लिए 2019 काफी अच्छा रहा, जिसमें उसने तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने का लक्ष्य पूरा किया। नए साल में टीम की शुरुआत न्यू जीलैंड के दौरे के साथ होगी, जिसमें वह दुनिया की छठे नंबर की टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगी और एक मैच ब्रिटेन के खिलाफ होगा।

मारिन ने कहा, श्हम सभी 2020 में अच्छे प्रदर्शन और वर्ष में आने वाली सभी चुनौतियों से निपटने की उम्मीद कर रहे हैं। हम 25 खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रीय कोचिंग शिविर शुरू कर रहे हैं, जिन्हें ओलिंपिक के लिए अंतिम 16 में स्थान निर्धारित करने के लिए चुना गया है।

### सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। शीर्ष निशानेबाज सौरभ चौधरी ने शनिवार को यहां 63वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चौम्पियनशिप की पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश के 17 साल के निशानेबाज ने 246.4 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्हें तोक्यो ओलंपिक के लिये पदक के दावेदारों में शुमार किया जा रहा है। उन्होंने हाल में अपने पूर्व विश्व रिकार्ड स्कोर से महज 0.1 अंक से कम का स्कोर बनाया। दूसरे स्थान पर रहे सरबजोत सिंह 243.9 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दुनिया के दूसरे नंबर के अभिषेक वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अभिषेक और सरबजोत ने हरियाणा के लिये मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। सरबजोत ने जूनियर पुरूष स्वर्ण भी अपने नाम किया।

### राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चौंपियनशिप की मेजबानी करेगा पुणे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। पूर्व विश्व चौंपियन पंकज आडवाणी सहित देश के चोटी के खिलाड़ी 11 जनवरी से 9 फरवरी के बीच यहां होने वाली 'मनीषा–वास्कोन' राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चौंपियनशिप में भाग लेंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, आडवाणी और पूर्व एशियाई बिलियर्ड्स चौंपियन सौरभ कोठारी सहित शीर्ष भारतीय एलीट क्यू खिलाड़ी एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टूर्नमेंट का आयोजन महाराष्ट्र बिलियर्डस और स्नूकर संघ और पीवाईसी हिंदू जिमखाना सीनियर पुरुष और महिला सहित 12 वर्गों में कराएगा। पुणे के पंकज आडवाणी 23 बार के वर्ल्ड चौंपियन हैं और राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित हो चुके हैं।

### नए साल की शुरुआत में बुमराह, धवन पर नजरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुवाहाटी। भारत और श्रीलंका के बीच यहां के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की टी–20 सीरीज का पहला मैच रविवार को खेला जाएगा। इस सीरीज में सभी का ध्यान भारत के दो दिग्गजों– शिखर धवन और जसप्रीत बुमराह पर रहेगा, जो चोटों के बाद वापसी कर रहे हैं। विंडीज के खिलाफ भारत ने टी–20 और वनडे सीरीज दोनों में जीत हासिल की थी। इसके बाद टीम ब्रेक पर थी और अब नए साल की शुरुआत वह जीत के साथ करना चाहेगी। श्रीलंका की मौजूदा टीम को देखा जाए हर हाल में भारत का पलड़ा उस पर भारी लग रहा है। यह हालांकि टी–20 है और खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में कोई भी टीम किसी भी को हरा सकती है। यह इस प्रारूप की खूबी है।

धवन चोट के कारण टीम से बाहर थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में शतक जमाकर अपनी फिटनेस तो साबित कर दी है। अब सवाल यह है कि क्या धवन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसी फॉर्म को जारी रख पाएंगे। उन पर जिम्मेदारी भी बड़ी है क्योंकि चयनकर्ताओं ने इस सीरीज के लिए उप–कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया है।